हिन्दुस्तान



नगवां ब्लाक के चिचलिक और खोड़ैला के विद्यार्थी टैबलेट के साथ।

50 विद्यार्थियों को वितरित किया गया टैबलेट

खलियारी। अवादा फाउंडेशन ने नगवां ब्लाक के ग्राम चिचलिक और खोड़ैला के 50 विद्यार्थियों को मंगलवार को नि:शुल्क टेबलेट वितरित किया। इस वितरण का उद्देश्य ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाना और विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ना है। छात्रों को ऑनलाइन शैक्षिक संसाधनों के साथ-साथ विशेष रूप से डिजाइन किए गए पाठ्यक्रमों का लाभ मिलेगा। मौके पर निदेशक ऋतु पटवारी, संजय जायसवाल आदि मौजूद रहे।